**D**

**CCE PR UNREVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2019

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2019**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 25. 06. 2019 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

Date : 25. 06. 2019 ] CODE No. : **06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )

( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125

[ Max. Marks : 125

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **विभाग - "A"** | |
| | **( गद्य, पद्य एवं पूरक वाचन )** | |
| I. | **एक-एक** पूर्ण वाक्य में उत्तर : | 16 × 1 = 16 |
| 1. | पुरुषोत्तम का घर कहाँ था ? | |
| | **उत्तर :** पुरुषोत्तम का घर दिल्ली में था । | 1 |
| 2. | परसाई जी के अनुसार बारीक चीजों को कौन देख सकते हैं ? | |
| | **उत्तर :** परसाई जी के अनुसार बारीक चीजों को विशेषज्ञ देख सकते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | रुपये की वशवर्तिनी कौन है ? | |
| | **उत्तर :** प्रकृति रुपये की वशवर्तिनी है । | 1 |
| 4. | गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका किस कारण गए थे ? | |
| | **उत्तर :** अब्दुल्ला एण्ड कम्पनी के मुकदमें की पैरवी के लिए गाँधीजी को दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा । | 1 |
| 5. | वेंकटराव जी की अविस्मरणीय सेवा क्या है ? | |
| | **उत्तर :** वेंकटराव जी ने कर्नाटक एकीकरण के लिए तथा कर्नाटक की सर्वांगीण उन्नति के लिए अविस्मरणीय सेवा की । | 1 |
| 6. | नाव के स्त्री में बदल जाने से केवट का क्या होगा ? | |
| | **उत्तर :** नाव के स्त्री में बदल जाने से केवट लुट जाएगा । | 1 |
| 7. | श्रीकृष्ण के मित्रों ने उसके मुख पर क्या लगाया ? | |
| | **उत्तर :** श्रीकृष्ण के मित्रों ने उसके मुख पर माखन लगाया । | 1 |
| 8. | कविता में कवि उधार देने से क्यों डरता है ? | |
| | **उत्तर :** अनदेखे अरूप को बिना जाने मनुष्य कुछ देना नहीं चाहता है । | 1 |
| 9. | बड़े भाई साहब और प्रेमचन्द जी के बीच कितने सालों का अंतर था ? | |
| | **उत्तर :** दोनों भाइयों के बीच पाँच सालों का अंतर था । | 1 |
| 10. | सहारनपुर से देहली की यात्रा में यात्रियों में क्या बहस छिड़ी थी ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी के हिन्दुस्तान नहीं लौट आने की बहस छिड़ी थी । | 1 |
| 11. | विज्ञान का अर्थ क्या है ? | |
| | **उत्तर :** विज्ञान का अर्थ है – विशेष ज्ञान । किसी भी विषय के क्रमबद्ध व विशेष ज्ञान को विज्ञान कहते हैं । | 1 |
| 12. | हरिशंकर परसाई जी के अनुसार व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ? | |
| | **उत्तर :** भ्रष्टाचार के मौके मिटाने होंगे । | 1 |
| 13. | लाला झाऊलाल ने किसे अपनी विपदा सुनाई ? | |
| | **उत्तर :** अपने दोस्त पंडित बिलवासी मिश्र को । | 1 |
| 14. | वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ? | |
| | **उत्तर :** कन्नड केसरी । | 1 |
| 15. | डूबने से डरकर किनारे बैठे तो क्या होगा ? | |
| | **उत्तर :** डूबने से डरकर किनारे बैठने से मोती प्राप्त नहीं होती । | 1 |
| 16. | पिछड़ा आदमी कैसे मारा गया ? | |
| | **उत्तर :** आजादी की लड़ाई में गोली लगने से मारा गया । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **दो-तीन** वाक्यों में उत्तर : | 16 × 2 = 32 |
| 17. | गाँधीजी किस अपमान के बाद उद्विग्न रहने लगे ? | |
| | **उत्तर :** गाँधीजी रेलगाड़ी के प्रथम दर्जे के डिब्बे में यात्रा कर रहे थे । एक अंग्रेज आकर उनको उतारना चाहा । आपने उसे टिकट दिखाया । अंग्रेज ने टिकट की परवाह किये बिना उन्हें धकेलकर गाड़ी से उतार दिया । इस कारण वे उद्विग्न रहने लगे । | 2 |
| 18. | पानी पीने के सम्बन्ध में कौन-कौन से नियम बनाये गये हैं ? | |
| | **उत्तर :** पानी पीने के सम्बन्ध में बताया जाता है कि खड़े-खड़े पानी नहीं पीना चाहिए । दौड़कर आते ही पानी नहीं पीना चाहिए । सोते-सोते पानी नहीं पीना चाहिए । | 2 |
| 19. | माँ-बाप विकलांग बच्चों को क्यों त्याग देते हैं ? | |
| | **उत्तर :** विकलांग बच्चों के पालन-पोषण की परेशानी से बचन तथा लड़कियों को रूढ़िवादी मान्यताओं के कारण भार-स्वरूप मानकर उन्हें त्याग देते हैं । | 2 |
| 20. | परिवार में सच्ची नारी कैसी होती है ? | |
| | **उत्तर :** नारी सारे परिवार के भोजन-वस्त्र, विश्राम और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखती है । घर के प्रत्येक आवश्यकता की पूर्ति के लिए सामान मंगवाना, सहेजकर रखना, पति के आदेश का पालन करना आदि । | 2 |
| 21. | पंचवटी की मनमोहक प्रकृति का वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** पंचवटी के ऊपर सूरज की चंचल किरणें शोभायमान लगती थीं । वह जल-थल पर भी थिरक उठती थी । अवनि और अंबर में स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई थी । | 2 |
| 22. | 'आओ नवनिर्माण करें' कविता में कवि सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहते हैं ? | |
| | **उत्तर :** कवि आज के सड़े-गले समाज को देखकर बेचैन हैं । इस गंदी स्थिति के लिए वे किसी को दोषी नहीं मानते । यह कार्य कवि अकेला नहीं कर सकते, हम सब को मिलजुलकर समाज के निर्माण में एक नई उमंग लेकर, नये प्राणों का संचार कर सामाजिक कुरीतियों को मिटाना चाहिए । | 2 |
| 23. | पिछड़ा आदमी किस तरह अपना जीवन बिताता था ? | |
| | **उत्तर :** पिछड़ा आदमी सब बोलते तो वह चुप रहता । सब चलते तो वह पीछे रह जाता । सब पेटुओं की तरह खाते, तब वह अलग बैठ कर आहिस्ता से थोड़ा सा खाता था । इस तरह वह अपना जीवन बिताता था । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | बड़े भाई के पढ़ने का तरीका कैसा था ?<br>**उत्तर :** बड़े भाई हरदम किताब खोले बैठे रहते । दिमाग को आराम देने कभी कापी पर, कभी किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीर बनाया करते थे । | 2 |
| 25. | आज का युग वैज्ञानिक युग क्यों कहलाता है ?<br>**उत्तर :** आज विज्ञान इतनी प्रगति कर चुका है कि आज के युग को ''विज्ञान का युग'' कहा जाता है । विज्ञान की उन्नति मानव समुदाय को सुख समृद्धि से रखने के कारण इसे वैज्ञानिक युग कहा जाता है । | 2 |
| 26. | पुरुषोत्तम भोजन की तैयारियाँ कैसे करते हैं ?<br>**उत्तर :** एक हाथ में परसी हुई थाली और दूसरे हाथ में पानी का कलश था । थाली में भात, दाल आदि परसे हुए थे । पुरुषोत्तम और संभाजी आमने-सामने खाने के लिए बैठ जाते हैं । | 2 |
| 27. | गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** गाँधीजी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था । उनके पिता राजकोट के दीवान थे । पोरबन्दर में इनका जन्म 1869 अक्टूबर 2 तारीख को हुआ । धर्मभीरु माता-पिता के आचार-विचारों का प्रभाव गाँधीजी पर पड़ा । वे बचपन से ही सत्य के पुजारी थे । | 2 |
| 28. | बच्चों की बुनियादी आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ?<br>**उत्तर :** बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं में पोषण, स्वस्थ्य, शिक्षा आदि हैं । अर्थात् जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार और सहभागिता का अधिकार है । | 2 |
| 29. | पंचवटी में बना कुटीर किस प्रकार था ?<br>**उत्तर :** सुन्दर थी । वहाँ की प्रकृति मनमोहक थी । घास-फूस का पर्ण कुटीर था । उसकी छाया में बैठ कर लक्ष्मण कुटीर की रक्षा करते थे । | 2 |
| 30. | जग का नवनिर्माण कैसे किया जा सकता है ?<br>**उत्तर :** एक नये समाज का निर्माण एक नई उमंग से करना चाहिए । उसमें नये प्राणों का संचार होना चाहिए । बुराइयों के लिए किसी और को दोष देना ठीक नहीं । हम स्वयं भी तो जिम्मेदार हैं । इसलिए अच्छा ह कि सब मिलजुलकर नव-निर्माण में लग जायें । | 2 |
| 31. | हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या स्थान कैसे बना है ?<br>**उत्तर :** भारत की प्रकृति बहुत सुन्दर है । यहाँ के लोग बहुधर्मीय होने पर भी बड़े स्नेह के साथ रहते है । यहाँ के कोई भी धर्म आपस में बैर करना नहीं सिखाता है । | 2 |
| 32. | फालतू बातों को दूर करने के लिए लेखक हमें क्या सुझाव देते हैं ?<br>**उत्तर :** सिर्फ वही बातें कहिए, जो वे नहीं जानते, जिसे आप कह रहे हैं ।<br>उतनो बात कहिए और उतनी ही पूछिए जितनी कि जिस समय जरूरी है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | संदर्भ सहित व्याख्या : | 6 × 3 = 18 |
| 33. | "तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।"<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) लेखक का नाम :<br>iii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) सच्चा धर्म<br>ii) सेठ गोविन्ददास<br>iii) इस वाक्य को पुरुषोत्तम की पत्नी अहिल्या ने पुरुषोत्तम से कहा । पुरुषोत्तम एक धर्मपरायण व्यक्ति था । शिवाजी के बेटे की रक्षा के लिए उसे अपना भानजा मानता है । इस बात का यकीन दिलावरखाँ और रहमानबेग को दिलाता है ।<br>इसमें पुरुषोत्तम का सच्चा धर्म दर्शाया गया है । | 3 |
| 34. | "आज इकतीस है । आज तो ले ले ।"<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) लेखक का नाम :<br>iii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) सदाचार का तावीज़<br>ii) श्री हरिशंकर परसाई<br>iii) यह बात राजा को तावीज़ से सुनाई दिया । जबकि राजा तावीज़ की शक्ति परखने के लिए एक कर्मचारी के पास जाते हैं तथा उसे कछ काम बताकर पाँच का नोट देते हैं । उसे वह ले लेता है । इससे परेशान होकर राजा तावीज़ पर कान रखकर सुनता है, तो उपरोक्त आवाज सुनाई देती है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | ''पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?''<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) लेखक का नाम :<br>iii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) अकबरी लोटा<br>ii) श्री अन्नपूर्णानंद जी<br>iii) इस वाक्य को बिलवासी जी ने अंग्रेज से पूछा । जब अंग्रेज बिलवासी जी के सामने मेजर डगलस की डींग मारना शुरू कर देता है । मेजर डगलस अंग्रेज के पड़ोसी थे । इन दोनों में पुरानी चीजों के संग्रह करने की दौड़ लगी रहती थी । गत वर्ष वे हिन्दुस्तान आये थे और यहाँ से जहाँगीरी अण्डा ले गए थे । इसी बातचीत के सिलसिले में उपरोक्त वाक्य का प्रयोग हुआ है । | 3 |
| 36. | होत बिलंबु उतारहि पारु ।।<br>i) पद्य का नाम :<br>ii) कवि का नाम :<br>iii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) केवट प्रसंग<br>ii) तुलसीदास<br>iii) इस पंक्ति को कृपासिंधु श्रीरामचंद्रजी केवट से मुस्कराकर कहते हैं – भाई ! तू वही कर जिससे तेरी नाव न जाय । जल्दी पानी ला और पैर धो ले । देर हो रही है । पार उतार दे । इस संदर्भ में उपरोक्त पंक्ति कही गई है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 37. | ''यदि पुरुष में नारी के गुण आ जाते हैं, तो वह देवता बन जाता है ।''<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) नारी<br>ii) इस वाक्य को प्रेमचंद जी ने नारी का महत्व बताते हुए लिखा है । नारी अनेक रूपों में पुरुष से भी बढ़कर महान है । उसकी सहनशीलता, त्याग तथा बलिदान अवर्णनीय है । उसी का परिचय देते हुए ऊपर का वाक्य कहा गया है । | 3 |
| 38. | मैंने धूप से कहा : मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार ?<br>चिड़िया से कहा : थोड़ी मिठास उधार दोगी ?<br>i) कविता का नाम :<br>ii) कवि का नाम :<br>iii) व्याख्या :<br>**उत्तर :**<br>i) ''सवेरे उठा तो धूप खिली थी ।''<br>ii) सच्चिदानन्द वात्स्यायन ''अज्ञेय'' ।<br>iii) इस पंक्ति में कवि सवेरे उठे तो प्रकृति के सुहावने दृश्य को देखकर आनंद विभोर हो जाते हैं । वे हल्की सी धूप, चिड़ियों को सुरीली आवाज सुनते हैं । इसलिए वे धूप से थोड़ी गरमाई तथा चिड़ियों से थोड़ी मिठास उधार मं मांगते हैं । | 3 |
| IV. | कवि परिचय : | $2 \times 3 = 6$ |
| 39. | सूरदास :<br>i) काल :<br>ii) कृतियाँ :<br>iii) अन्य जानकारियाँ :<br>**उत्तर :** | |
| | i) काल : 1540 | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सूरसागर, सूरसरावली आदि । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) कवि सूरदास जी का जन्म आगरा-मथुरा के किनारे बसे सीही नामक गाँव में हुआ । इनके गुरु वल्लभाचार्य थे । इनकी रचनाओं में श्रीकृष्ण के वात्सल्य और शृंगार का वर्णन मिलता है । इनकी मृत्यु 1642 को पारसोली में हई । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 40. | डॉ० इकबाल :<br>i) काल :<br>ii) उपाधि :<br>iii) अन्य जानकारियाँ :<br>**उत्तर :**<br>i) 1873-1938<br>ii) अल्लामा<br>iii) भारतीय उर्दू साहित्य के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं । पूरा नाम महम्मद इकबाल नूरमहम्मद शेख है । वे कला स्नातक थे । उन्हें 'अल्लामा' उपाधि से सम्मानित किया है । | 3 |
| V. | पद्य भाग की पूर्ति : | 1 × 4 = 4 |
| 41. | आसरा मत ..........................................................................<br>..........................................................................<br>..........................................................................<br>.................................................................... में राग ।<br>**अथवा**<br>राग से ..........................................................................<br>..........................................................................<br>..........................................................................<br>.................................................................. अपनी चाल ।<br>**उत्तर :** आसरा मत ऊपर का देख,<br>सहारा मत नीचे का माँग<br>यही क्या कम तुझको वरदान<br>कि तेरे अंतस्तल में राग ।<br>**अथवा**<br>राग से बाँधे चल आकाश,<br>राग से बाँधे चल पाताल<br>धंसा चल अंधकार को भेद<br>राग से साधे अपनी चाल । | 4<br><br>4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | पद्य का सारांश : | 1 × 4 = 4 |
| 42. | साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय ।<br>सार सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय ।।<br>**अथवा**<br>जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।<br>कहाँ सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग ।।<br>**उत्तर :**<br>इन पक्तियों में कबीरदास कहते हैं - साधु का स्वभाव सूप जैसा होना चाहिए । जिस प्रकार सूप सार वस्तु को थोथे से अलग करता है, उसी प्रकार साधु को चाहिए कि केवल सार को ग्रहण करे और असार को छोड़ दे ।<br>**अथवा** | 4 |
| | इन पंक्तियों में रहीम जी कहते हैं - जो गरीब लोगों का हित करते हैं, सचमुच वे ही धनी होते हैं । सुदामा तो गरीब थे परन्तु कृष्ण से उसने मित्रता निभाई । वे दोनों स्नेह के योग्य थे । | 4 |
| VII. | **आठ-दस** वाक्यों में उत्तर : | 3 × 4 = 12 |
| 43. | रुपये की महानता के बारे में आप क्या जानते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>रुपये की झनझनाहट की तुलना किन-किन के साथ की गई है ? वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** रुपया लड़कों के लड़कपन का खिलौना है, मिठाई है । जवानों की जवानी की जान है । बूढ़ों की बुढ़ौती की लकड़ी है, सहारा है । प्रकृति भी इसकी वशवर्तिनी है । रुपये के अनुसार मनुष्य उसका गुलाम है । वह अपने को ईश्वर का दर्जा दे देता है । इसकी झनझनाहट में अलौकिक मधुरिमा है । | 4 |
| | **अथवा**<br>रुपये की झनझनाहट में अलौकिक मधुरिमा है । उसकी तुलना वीणापाणि की वीणा से, भगवान लक्ष्मीपति के पाँचजन्य शंख से, कोकिल की कल काकली से, कामिनी क कोमल कंठ से, मुरलीधर की मुरली से, डमरूवाले के डमरू से की गई है । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 44. | कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव जी ने क्या-क्या किया ? | |
| | **उत्तर :** कन्नड भाषा की अभिवृद्धि तथा कर्नाटक के हित की रक्षा के लिए 1890 में स्थापित कर्नाटक विद्यावर्धक संघ ने उत्तर कर्नाटक में काफी जागृति उत्पन्न की थी । संघ की प्रगति के लिए वेंकटराव जी ने कन्नड अध्यापकों से संपर्क बढ़ाया । संघ के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जिसके परिणामस्वरूप धीरे-धीरे संघ में प्राणों का संचार होने लगा । वेंकटराव जी के मन में विचार उठने लगे कि जो कर्नाटक छोटे-बड़े रियासतों में मैसूर, हैदराबाद, मद्रास, बंबई, कूर्ग के प्रदेशों में बँट गया है उनका एकीकरण होना चाहिए । | 4 |
| | **अथवा** | |
| | कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव जी ने लेखनी हाथ में ली । कर्नाटक वृत्त, कर्नाटक पत्र, कन्नड केसरी आदि पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित कराने लगे । उन्हें ऐसा लगा कि केवल ग्रंथाध्ययन से काम नहीं चलता है । इसके लिए शिलालेख, ताम्रपट और वीरगल्लु (वीरों की याद में खड़ा किया गया शिलालेख), मास्तिकल्लु (सती हुई स्त्री की याद में खड़ा किया गया शिलालेख), प्राचोन सिक्के, प्राचीन इमारतें आदि का अध्ययन जरूरी है । | 4 |
| 45. | पैरों में घुँघरू बाँधकर नाचने का परिणाम क्या हुआ ? स्पष्ट कीजिए । | |
| | **अथवा** | |
| | मीरा के विरह का वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** मीराबाई अपने आप को गिरिधर गोपाल की दासी मानती है । वह अपने पैरों में घुंघुरू बाँधकर श्रीकृष्ण मदिर में भक्ति विभोर होकर नाचती है । इसे देखकर लोग बावरी कहते हैं । सास उसे कुलनासी कहती है । देवर जी ने मीरा को पीने के लिए विष का प्याला भेजा । भगवान पर भरोसा कर विष को पी लेती है । वह मानती है कि उसका प्रभु अविनाशी है । | 4 |
| | **अथवा** | |
| | मीरा अपने प्रिय कृष्ण के प्रेम में दीवानी होकर समझती है कि उसका दर्द कोई समझ नहीं पाया । उसका जीवन काँटों भरी सेज के समान है । कृष्ण का सेज गगन मण्डल में है । उनसे मिलन कैसे हो सकती है । अपने दर्द के मारे दर-दर की ठोकरें खाती हुई भटक रही है लेकिन उसे कोई वैद्य नहीं मिला । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| | **विभाग - "B"** | | |
| | **( व्याकरण, अलंकार एवं छन्द )** | | |
| VIII. | सही उत्तर चुनना : | | 10 × 1 = 10 |
| 46. | 'चीजें' शब्द का अन्य वचन रूप है — | | |
| | (A) चीजों | (B) चीज़ें | |
| | (C) चीज़ | (D) नाचीज । | |
| | **उत्तर :** (C) चीज़ | | 1 |
| 47. | 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है — | | |
| | (A) पंडिताइन | (B) पांडित्य | |
| | (C) पंडिता | (D) पांडव । | |
| | **उत्तर :** (A) पंडिताइन | | 1 |
| 48. | 'उत्सुक' शब्द का भाववाचक रूप है — | | |
| | (A) उत्सुका | (B) उत्साही | |
| | (C) उत्साह | (D) उत्सुकता । | |
| | **उत्तर :** (D) उत्सुकता | | 1 |
| 49. | 'चढ़ना' का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है — | | |
| | (A) चढ़वाना | (B) चढ़ाना | |
| | (C) चढ़ाई | (D) चढ़ता । | |
| | **उत्तर :** (B) चढ़ाना | | 1 |
| 50. | 'फूल' शब्द का समानार्थक रूप है — | | |
| | (A) मोर | (B) कोमल | |
| | (C) कुसुम | (D) तारा । | |
| | **उत्तर :** (C) कुसुम | | 1 |
| 51. | निम्नलिखित शब्दों में क्रिया-विशेषण रूप है — | | |
| | (A) धीरे-धीरे | (B) चलना | |
| | (C) बुरा | (D) राजा । | |
| | **उत्तर :** (A) धीरे-धीरे | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 52. | राम ने रावण को बाण से मारा था । इसमें कर्म कारक चिह्न है — | | |
| | (A) ने | (B) से | |
| | (C) को | (D) था । | |
| | **उत्तर :** (C) को | | 1 |
| 53. | निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय युक्त शब्द है — | | |
| | (A) असफल | (B) दूधवाला | |
| | (C) आहार | (D) ईमान । | |
| | **उत्तर :** (B) दूधवाला | | 1 |
| 54. | "हम और हमारा दरबार उस पर विचार करेगा ।" | | |
| | इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का काल है — | | |
| | (A) भूतकाल | (B) वर्तमान काल | |
| | (C) भविष्यत् काल | (D) आसन्न भूतकाल । | |
| | **उत्तर :** (C) भविष्यत् काल | | 1 |
| 55. | निम्नलिखित में से सही विग्रह है — | | |
| | (A) प + उपकार | (B) पर + उपकार | |
| | (C) पर + ओपकार | (D) परो + उपकार । | |
| | **उत्तर :** (B) पर + उपकार । | | 1 |
| IX. | तीसरे शब्द से संबंधित : | | 4 × 1 = 4 |
| 56. | रमेश : गुण संधि :: परमात्मा : ........................................ । | | |
| | **उत्तर :** दीर्घ संधि | | 1 |
| 57. | पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : .................................... । | | |
| | **उत्तर :** द्वन्द्व समास | | 1 |
| 58. | सभ्य : असभ्य :: सवाल : ................................. । | | |
| | **उत्तर :** जवाब | | 1 |
| 59. | भेजना : क्रिया :: आप : ............................ । | | |
| | **उत्तर :** सर्वनाम | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| X. | छन्द पहचानिए : | 3 |
| 60. | बिदा कीन्ह करुनायतन, भगति बिमल बरु देइ । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ।ऽ ऽ। ।।ऽ।।। ।।। ।।।। ।।ऽ।<br>बिदा कीन्ह करुनायतन भगति बिमल बरु देइ ।। | |
| | यह दोहा छंद है । | |
| | लक्षण : दोहा छंद दो पंक्ति की कविता होती है । इसके चार चरण होते हैं । पहले और तीसरे चरण में 13-13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं । इसे अर्ध सममात्रिक छंद भी कहते हैं । अंत में लघु होता है । | 3 |
| XI. | अलंकार पहचानिए : | 3 |
| 61. | हम बुलबुले हैं इसकी । | |
| | **उत्तर :** | |
| | * यह रूपक अलंकार है । | $1\frac{1}{2}$ |
| | * लक्षण : रूपक अलंकार में उपमान और उपमेय में समानता बताई जाती है । इसमें दो असमान वस्तुएँ अपनी भिन्नता छोड़कर यहाँ बिलकुल एक हो जाती हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| | * इस पंक्ति में लोगों की समानता बुलबुले के साथ की गई है । | |
| | **विभाग – "C"**<br>**( वाक्य, पत्र लेखन एवं निबंध रचना )** | |
| XII. | अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग : | $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$ |
| 62. | (a) नौ दो ग्यारह होना –<br>अर्थ :<br>प्रयोग : | |
| | (b) आग बबूला होना –<br>अर्थ :<br>प्रयोग : | |
| | **उत्तर :** | |
| | (a) अर्थ : भाग जाना | $\frac{1}{2}$ |
| | प्रयोग : चोर पुलिस को देखकर <u>नौ दो ग्यारह हो जाता</u> है । | 1 |
| | (b) अर्थ : गुस्सा करना | $\frac{1}{2}$ |
| | प्रयोग : बच्चों की गलती करने पर माँ-बाप <u>आग बबूला</u> होते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XIII. 63. | पत्र लेखन :<br>अपनी पाठशाला के वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>अपनी अस्वस्थता का कारण बताकर तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :**<br>पारिवारिक पत्र :<br>स्थान :<br>दिनांक : } $\frac{1}{2}$<br>संबोधन : $\frac{1}{2}$<br>अभिवादन : $\frac{1}{2}$<br>कलेवर ( Body of the letter ) 2<br>पता : 1<br>समापन :<br>हस्ताक्षर : $\frac{1}{2}$ | 1 × 5 = 5<br><br>5 |
| | **अथवा**<br>व्यावहारिक पत्र :<br>स्थान :<br>दिनांक : } $\frac{1}{2}$<br>(से) प्रेषक : $\frac{1}{2}$<br>(को) सेवा में : $\frac{1}{2}$<br>संबाधन : $\frac{1}{2}$<br>विषय :<br>कलेवर ( Body of the letter ) $2\frac{1}{2}$<br>समापन :<br>हस्ताक्षर : $\frac{1}{2}$ | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| XIV. | निबंध लेखन : | | 1 × 5 = 5 |
| 64. | किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : | | |
| | i) समाचार पत्र | | |
| | ii) आधुनिक विज्ञान | | |
| | iii) स्वच्छ भारत अभियान । | | |
| | **उत्तर :** | | |
| | (i) प्रस्तावना | 1 | |
| | (ii) विषय प्रवेश | 1 | 5 |
| | (iii) विषय विस्तार | 2 | |
| | (iv) समापन । | 1 | |